

# संचालनालय के आदेश के बाद सीएमओ के प्रभार पर असमंजस

## संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी आदेश से नपा सीधी में डिप्टी कलेक्टर को मिले सीएमओ के प्रभार को लेकर चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 मई। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी आदेश से नगर पालिका परिषद सीधी में डिप्टी कलेक्टर को मिले सीएमओ के प्रभार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। संचालनालय के आदेश के बाद सीएमओ के प्रभार पर असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है।**

बताते चलें कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल द्वारा नगरीय निकायों के प्रभार को लेकर 26 मई 2026 को आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकायो में कार्य सुविधा की दृष्टि से मुख्य नगर पालिका अधिकारी यांत्रिकी तथा लेखा संबंधी रिक्त पदों के प्रभार दिये जाते समय आवश्यक निर्देशों का पालन किया जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के संवर्ग में निर्धारित पात्रता/सेवाकाल पूर्ण करने की दशा में फीडर कैडर के रूप में सम्मिलित पदों यथा राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षण, कार्यालय अधीक्षक, राजस्व




उपनिरीक्षक, सहायक वर्ग-01, मुख्य लिपिक, सह लेखापाल को ही रिक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद का प्रभार दिया जा सकता है।

राज्य नगरीय प्रशासनिक सेवा, राज्य नगरीय यांत्रिकी सेवा तथा राज्य नगरीय वित्त सेवा के रिक्त पदों के विरूद्ध प्रभार प्रदान किये जाने के संबंध में कार्यवाही संभाग स्तर से न की जाय अपितु रिक्त पदों का प्रभार दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रकिया का पालन करते हुये प्रेषित किया जाय। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य पदों के रिक्त पद का प्रभार प्रथमतः उसी जिले में पदस्थ संबंधित राज्य सेवा के अधिकारी का प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाएं। उक्त आदेश के बाद भिन्न मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के रिक्त पद के प्रभार संबंधी जारी समस्त आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

### संयुक्त संचालक ने भोपाल भेजा प्रस्ताव

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रीवा के संयुक्त संचालक द्वारा नगर पालिका परिषद सीधी में प्रभारी सीएमओ की नियुक्ति पर आवश्यक प्रस्ताव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल को 27 मई को भेज दिया गया है। प्रस्ताव में प्रभारी सीएमओ की नियुक्ति किसके आदेश से की गई है के साथ अन्य आवश्यक जानकारी भेज दी गई है। तत्संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल का आगे निर्णय लेना है।

### 1 जून तक स्पष्ट हो सकती है स्थिति

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल द्वारा नगरीय निकायो में रिक्त पदों के प्रभार के संबंध में आवश्यक जानकारी का प्रस्ताव लिया गया है। प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर यह आंकलन किया जायेगा कि किस बड़े नगरीय निकाय में रिक्त पद की वजह से प्रभार दिया गया है। 1 जून तक इस संबंध में आवश्यक निर्णय लिया जायेगा, साथ ही बड़े नगरीय निकाय में रिक्त पदों में स्थाई नियुक्ति की जा सकती है।

### इनका कहना है

नगरीय प्रशासन विभाग रीवा द्वारा अभी नगर पालिका परिषद सीधी के प्रभारी सीएमओ के संबंध में किसके आदेश से प्रभार दिया गया है पूरी जानकारी अपने प्रस्ताव में नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल को भेज दिया गया है। साथ ही वित्तीय अधिकार पर भी 1 जून तक आवश्यक निर्णय हो जायेगा। यह अवश्य है कि कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य आवश्यक भुगतान प्रभारी सीएमओ के हस्ताक्षर से फिलहाल होते रहेंगे। संभावना है कि होने वाले स्थानांतरण में बड़ी नगरीय निकायों में स्थाई रूप से सीएमओ की नियुक्ति हो जायेगी।

**हिमांशु भट्ट, संयुक्त संचालक**
**नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रीवा**



# गांव में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करना बड़ी बात : अजय

## अगहार में राष्ट्रीय लोक रंग महोत्सव का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 मई। उत्थान सामाजिक संस्कृति एवं साहित्यिक समिति एवं मान्या लोक संगीत अकादमी सीधी के तत्वाधान में जपं रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम अगहार में बुधवार को 3 दिवसीय गांव की माटी राष्ट्रीय लोक रंग महोत्सव का भव्य शुभारंभ पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने किया।**

मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल के द्वारा राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय, लोक गायक नरेन्द्र बहादुर सिंह, कपिल तिवारी, दिव्या द्विवेदी, दृष्टि तिवारी, कर्णवीर सिंह आदि सभी कलाकारों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्य केडी सिंह पूर्व अध्यक्ष जपं रामपुर नैकिन, अनिल शुक्ला, रोहित शुक्ला सीए, आशुतोष शुक्ला, हरिश्चंद्र मिश्रा आदि लोगों ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव का शुभारंभ मान्या पाण्डेय राष्ट्रीय लोक गायिका के द्वारा बघेली लोक गीत पहली पूजा तोहार हो गौरी के ललनबा से किया गया। उनके द्वारा छलिया नंदलाल, छलिया नंदलाल, बचके रहियो राधिका, अमबा के डारी, बैठी रे कोयलिया, राहुल भैया अपने चुरहट के शान, उड़ रही गोरी की चुनरिया, छरिगय अमिलिया के पाती हो की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात लोक कलाकार नरेंद्र बहादुर सिंह ने बघेली लोकगीत एजी खेलत रहे, बालू रेत मुदारिया मोरी उहै रे गिरी। लोक गायिका दिव्या द्विवेदी एवं दृष्टि तिवारी ने बघेली लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर अजय सिंह राहुल ने कहा कि मान्या पाण्डेय राष्ट्रीय लोक गायिका अपने जिले का नाम बघेली लोकगीतों में पूरे देश में रोशन कर रही है। जब मान्या पाण्डेय 5 वर्ष की थी तब से मैं उनके लोकगीत सुन रहा हूं। अब मान्या पाण्डेय हर स्तर पर बेहतर हो चुकी है और मनमोहक प्रस्तुति देती है। उन्होंने कहा कि गांव में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करना बहुत बड़ी बात है मैं आयोजन समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। अखिलेश पाण्डेय द्वारा इस तरह के आयोजन अनवरत कई वर्षों से किये जा रहे हैं जो बघेली और उसकी लोक साहित्यिक यात्रा को निश्चित ही बेहतरीन दिशा प्रदान कर रहे हैं।

# बेजुबानों की ढाल बने शिक्षक शैलेन्द्र, दाना-पानी से राहत

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 मई। भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों एवं मवेशियों की सुरक्षा के लिए शासकीय माध्यमिक शाला कंजवार के शिक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह बालेंदु द्वारा एक प्रेरणादायी जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।**

उनके मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के सहयोग से पक्षियों के लिए पेड़ों पर दाना-पानी की व्यवस्था की गई है ताकि भीषण गर्मी में प्यास और भूख से उनकी जीवन रक्षा हो सके। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से मवेशियों की सुरक्षा हेतु गांव में जागरूकता



अभियान चलाकर 400 से अधिक मवेशियों के गले में रेडियम युक्त रिफ्लेक्टिव पट्टियां बांधी गई हैं जिससे रात्रि के समय वाहन चालकों को मवेशी दूर से दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। इस पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। शिक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह की यह पहल केवल सेवा कार्य नहीं बल्कि बेजुबानों के प्रति संवेदनशीलता, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक संदेश बनकर क्षेत्र में नई मिसाल प्रस्तुत कर रही है।

# जामा मस्जिद में अता की गई ईद उल अजहा की नमाज

नवभारत न्यूज

**मड़वास 28 मई। जामा मस्जिद मड़वास में ईद उल अजहा की नमाज अता की गई। मुस्लिमों ने नवाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले लगाकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी।**

जामा मस्जिद मड़वास में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे अदा की गई। मौलाना इब्राहिम रजा ने ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई। ईद उल अजहा की नमाज पढ़ने के लिए मड़वास जमा मस्जिद में पहुंचे कुसमी, खोखरा, मझिगवां, खजुरिया, धनौर, अकला, नूरी मोहल्ला महखोर के सैकड़ो की संख्या में लोग ईद की



नमाज अता कर करने के लिए जामा मस्जिद में शामिल हुए। मुस्लिमों ने ईद उल अजहा के दिन नमाज अता करने के बाद ईदगाह में अपने बुजुर्गों व मरहूम मरहूमों के कब्र पर दुआ और फतिया पढ़ी व अपने देश और वतन के लिए नेकी और अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था में तहसील मड़वास से नायब तहसीलदार उपेन्द्र द्विवेदी, शांति व्यवस्था बनाने के लिए एसआई रघुवीर सिंह, एएसआई संजय सोनी, प्रआर लालमन कोल, आरक्षक प्रवीण सिंह इत्यादि पुलिस बल मौजूद रहा।

# खंडहर में तब्दील शासकीय गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया

## 35 साल पुराना भवन जर्जर, 200 छात्राओं की पढ़ाई पर मंडरा रहा खतरा

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 28 मई। शासकीय गुरुकुल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया आज बदहाल व्यवस्था का शिकार बना हुआ है। लगभग 35 वर्ष पुराना विद्यालय भवन पूरी तरह जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुका है। विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक करीब 200 छात्राएं अध्ययनरत हैं। शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद भवन विहीन स्थिति के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।**

आगामी शिक्षा सत्र शुरू होने वाला हैए ऐसे में छात्राओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती सुरक्षित भवन की बनी हुई है। बरसात के मौसम में विद्यालय की हालत और भी गंभीर हो जाती है। भवन जर्जर होने से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। छात्राएं भय के माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय प्राचार्य हनुमान प्रसाद



मिश्रा ने बताया कि विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को लेकर विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक भवन-962 दिनांक 11 दिसम्बर 2025 के अनुसार सीधी जिले के 131 विद्यालयों में से 49 विद्यालयों के डीपीआर तैयार किए गए हैं। इसमें शासकीय गुरुकुल उच्च. माध्य. विद्यालय सेमरिया का नाम क्रमांक 102 पर शामिल है जिससे नए भवन निर्माण की उम्मीद जगी है। प्राचार्य ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से विद्यालय की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर भवन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

### इनका कहना है

गुरुकुल विद्यालय की हालत बेहद चिंताजनक है। छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए शासन-प्रशासन को तत्काल नया भवन स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराना चाहिए ताकि बेटियों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके।

**निशा संजय पाण्डेय, सरपंच, ग्राम पंचायत झगरहा**

सेमरिया के गुरुकुल विद्यालय भवन निर्माण को जिला प्रशासन प्राथमिकता में शामिल करे और जल्द से जल्द स्वीकृति देकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए ताकि छात्राओं को सुरक्षित शिक्षा वातावरण मिल सके।

**संजय तिवारी, महासचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी**

विद्यालय भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छात्राओं की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी चिंता है। अब उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर नया भवन स्वीकृत करेगा।

हनुमान प्रसाद मिश्र, प्राचार्य सेमरिया

# आईएसओ प्रशिक्षण केन्द्र बनेंगे सशक्त माध्यम

**सीधी।** समुदाय आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से आजीविका मिशन जिला सीधी अंतर्गत संचालित आईएसओ प्रमाणित सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्रों का उपयोग प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रशिक्षण केन्द्र महिला आधारित परिसंघों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराते हैं। सीईओ जिपं सीधी ने बताया कि इन प्रशिक्षण केन्द्रों में आवासीय प्रशिक्षण की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यहां एक समय में 30 से 35 महिला प्रतिभागियों के लिए आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा सकता है। केन्द्रों में भोजन, आवास एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। बताया कि निर्धारित दरों के अनुसार आवासीय प्रशिक्षण हेतु 534 रु. तथा गैर-आवासीय प्रशिक्षण हेतु 294 रु. प्रति प्रतिभागी प्रतिदिन की दर तय की गई है।

# नौढ़िया, छुहिया, चकड़ौर और बहरी में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 मई। जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को उनके गांव के समीप ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 29 मई को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा शिविरों के सफल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 मई को शाम 4 बजे से 7 बजे तक जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की चयनित ग्राम पंचायतों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें धौहनी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत नौढ़िया मझौली, सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत छुहिया, चुरहट विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत चकडौर तथा सिहावल विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बहरी शामिल हैं। इन विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक उपचार संबंधी मार्गदर्शन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग तथा आयुष विभाग की संयुक्त भागीदारी रहेगी, जिससे ग्रामीणों को समेकित एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। शिविरों के सुचारु संचालन के लिए संबंधित क्षेत्रों के सीडीपीओ एवं बीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्देशानुसार शिविर ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा अन्य उपलब्ध शासकीय परिसरों में आयोजित होंगे।

जिला प्रशासन द्वारा शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर आमजन को शिविरों की जानकारी दी जाएगी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम से अवगत कराया जाएगा ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन इन शिविरों तक पहुंचकर लाभ प्राप्त कर सकें। शिविर में आने वाले नागरिकों को आधार कार्ड एवं समग्र आईडी साथ लाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाएगा, जिससे जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। विशेष स्वास्थ्य शिविरों के दौरान नशा मुक्ति अभियान एवं जनगणना जागरूकता से संबंधित शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंच सके। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इन विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# चुनौतियां कार्यक्रम की शुरूआत पथरौला से

**सीधी।** शासकीय सांदीपनि उच्च.माध्य.विद्या. पथरौला में 29 मई को सायं 6 बजे विकसित सीधी 2047 - चुनौतियां कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम विधायक धौहनी कुवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सीधी जिले की भूमिका, आवश्यकताओं, योजनाओं एवं रणनीतियों पर युवाओं और विद्यार्थियों के विचारों को मंच प्रदान करना है। जहां प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मझौली एवं कुसमी विकासखंड के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा अपने सुझाव एवं विचार साझा किए जाएंगे।




# विजय संकल्प के साथ कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## संगठन सृजन अभियान के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस की समृद्ध विरासत, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा एवं वर्तमान राजनैतिक चुनौतियों पर हुआ मंथन

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 मई। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी सीधी और सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में जिले के कुबरी स्थित प्रेमशीला मैरिज गार्डन में आयोजित कांग्रेस के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने एवं विजय संकल्प के साथ हुआ।**

समापन अवसर पर म.प्र. कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव हरीश चौधरी, म.प्र. कांग्रेस के सह प्रभारी राष्ट्रीय सचिव रणविजय लोचव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने अपनी सहभागिता की। म.प्र. कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव हरीश चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता होना अपने आप में



गौरव की बात है। कांग्रेस की समृद्ध विरासत लोकतंत्र, समाजवाद, धर्म निरपेक्षता और उच्च मानवीय आधारभूत मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाएं तथा जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करें।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी ने प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने मंडलम अध्यक्ष पद की महत्ता बताते हुए कहा कि यह केवल पद नहीं बल्कि संगठन और जनता के बीच मजबूत सेतु की भूमिका है। उन्होंने मंडलम अध्यक्षों की जिम्मेदारियों, संगठन के प्रति अपेक्षाओं, कार्यकर्ताओं के समन्वयए बूथ प्रबंधन तथा जनसंपर्क को लेकर विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय दिवस के अंतिम सत्र में मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी रणविजय सिंह ने ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों से संवाद किया। राष्ट्रगान के पश्चात कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं विजय संकल्प के साथ प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में सीधी एवं सिंगरौली जिले के समस्त जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला एवं ग्रामीण अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष तथा मंडलम अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमजन की बनना होगा आवाज : कमलेश्वर

कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने विंध्य क्षेत्र के समक्ष वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर आमजन की आवाज बनना होगा तथा जनता को कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा से जोड़ना होगा।

### सफल आयोजन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया सभी का आभार

जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर के सफलतम आयोजन पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में आईटी सेल, मीडिया विभाग, सेवादल, व्यवस्था समिति एवं सभी कार्यकर्ता साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में पधारे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं, अतिथियों तथा प्रशिक्षणार्थियों के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इसी ऊर्जा और संकल्प के साथ कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

### प्रदेश प्रभारी ने पदाधिकारियों को किया सम्मानित

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आयोजित कांग्रेस के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन पर मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव हरीश चौधरी ने जिला अध्यक्ष सीधी ज्ञान सिंह, सिंगरौली शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह, सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती सिंह, जिला संगठन प्रभारी सीधी दिलीप मिश्रा, सिंगरौली श्रीमती कविता पाण्डेय, जिला संगठन महासचिव सीधी ज्ञानेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, सिंगरौली संखटा सिंह, विधानसभा प्रभारी क्रमशः चुरहट शिवप्रसाद प्रधान, सीधी डॉ .विनोद शर्मा, धौहनी अशोक पैगाम, चितरंगी करूणा सिंधु द्विवेदी, सिंगरौली उपेन्द्र मिश्रा का सम्मान किया गया एवं प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना भी की। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के सफल संचालन, व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पदाधिकारियों, आईटी सेल, मीडिया विभाग, सेवादल एवं कार्यकर्ता साथियों के योगदान की सराहना की।